GRADE:-VIII | CHRIST SCHOOL | HINDI

TIME:- 2 HOURS | ASSESSMENT-II | MM:-40

नोट:- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

खण्ड-अ

प्रश्न-1 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [2]

मैंने छुटपन में छुपकर पैसे बोए थे, सोचा था, पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे, रूपयों की कलदार मधुर फसलें खनकेंगी, और फूल-फलकर मैं मोटा सेठ बनूँगा। पर बंजर धरती से इतना अंकुर फूटा, बंध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगला। सपने जाना कहाँ मिटे, कब धूल हो गए।

1.कवि ने छुटपन में क्या बोए थे?

2. मिट्टी कैसी थी?

3.कवि किस प्रकार का सेठ बनना चाहता है?

4.मधुर वा अंकुर शब्द का प्रयोग करके एक एक वाक्य बनाइए।

प्रश्न-2 दिए गए अनौपचारिक-पत्र में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए- [2]

1.अपने पिता को अपनी दिनचर्या बताने के लिए पत्र।

2. अपनी सहेली को विवाह में बुलाने के लिए निमंत्रण-पत्र।

प्रश्न-3 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय अपने शब्दों में निबंध लिखिए- [2]

1.राष्ट्रभाषा हिंदी

2.मेरे सपनों का भारत

3.कोलकाता की संत मदर टेरेसा

Downloaded From www.icseboard.org

प्रश्न-4 चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर उसका वर्णन कीजिए- [2]

प्रश्न-5 दिए गए मुहावरों के अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए- [2]

1.कमर कसना 2.अक्ल पर पत्थर पड़ना

3.घाव पर नमक छिड़कना 4.घी के दिये जलाना

प्रश्न-6 एक शब्द में उत्तर दीजिए- [2]

1.कार्य के भविष्य में होने का बोध किस काल के द्वारा होता है?

2.अंधकार का विलोम शब्द लिखिए।

3.'यह पेन किसका है?' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है?

4.धर्म में लीन रहने वाले व्यक्ति को क्या कहते हैं?

प्रश्न-7 सही व गलत का निशान लगाइए- [2]

1.भूतकाल सात प्रकार के होते हैं।

2.सरल वाक्य में दो क्रियाएं होती हैं।

3.विराम का अर्थ रुकना होता है।

4.अलंकार मुख्यतः पाँच प्रकार के होते हैं ।

प्रश्न-8 नीचे लिखे शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए- [2]

1.स्थिती 2.इस्कूल 3.उपलक्ष 4.आशीरवाद

Downloaded From www.jsebord.org

प्रश्न-9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई-2) [3]

1.वर्तमान काल को चार उदाहरण देकर समझाइए व उनके भेदों का वर्णन कीजिए।

2. क्रिया विशेषण किसे कहते हैं? क्रिया विशेषण के भेद लिखिए।

3. रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?

4. विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग कब किया जाता है?

खण्ड-ब

प्रश्न-1 श्रुतलेख लिखिए- [2]

प्रश्न-2 शब्दों के अर्थ लिखिए- [2]

1.अश्वारोही 2.कष्टदायक 3.धनुर्विद्या 4.मदरसा

प्रश्न-3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- [2]

1.प्राचीन भारतवासी---------- से बने वस्त्र पहनते थे।

2.अरुण---------- प्रदेश का राजकुमार था।

3.वह अपने--------- से मिलने जा रही थी।

4.अंतरिक्ष में जानें वाली पहली भारतीय मूल की महिला यात्री---------थी।

प्रश्न-4 निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए- [2]

1.देव 2.नायक 3.राजकुमार 4.महारानी

प्रश्न-5 निम्नलिखित शब्दों के समास विग्रह कीजिए- [2]

1.चौमासा 2.हिमशिखर 3.पशु-पक्षी 4.गोदान

प्रश्न-6 दी गई पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- [1.5]

इतनी गरीबी में कितने सैनिक साथ रखने की क्या आवश्यकता है? मैं अपने बाहुबल से नया राज्य बनाऊँगा। ओह, तो तुम्हारा उत्साह कम नहीं हुआ। तुम्हारी इच्छा हो तो मैं अपने प्राणों की बाजी लगाकर तुम्हें कोशल के सिंहासन पर अपनी रानी के रूप में बिठा दूँ। मधुलिका काँप उठी, क्या?

Downloaded From www.icseboard.org

1.यह संवाद किन लोगों के मध्य हो रहा है? उनका परिचय दीजिए।
2.बाहुबल का अर्थ लिखिए।
3.अरुण किसे कोशल के सिंहासन पर बिठाना चाहता था और क्यों?

प्रश्न-7 लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [4]

1.राजकुमार अरुण मधुलिका से आश्रय क्यों माँगा?
2.बर किसे कहते हैं?
3.आसमान को क्या ढक रहा है?
4.सुनीता का जन्म कब और कहाँ हुआ?

प्रश्न-8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (कोई-3) [4.5]

1.मानव धरती को स्वर्ग बनाने के लिए क्या कर सकता है?
2.आशय स्पष्ट कीजिए- मांस का धंधा करने वालों के चेहरे का नूर खत्म हो जाता है।
3. सुनीता की भारत यात्रा के बारे में लिखिए।
4. दाँतो की सफाई कब व कैसे करनी चाहिए?

प्रश्न-9 सप्रसंग व्याख्या कीजिए- [1]

फागुन आते ही खामोश पेड़ बोलने लगते थे उनके अंदर सोई उष्मा कसमसा उठती थी और धीरे-धीरे वातावरण में किसलयों की लाली बन दहक उठती थी।

Downloaded From www.icseboard.org

Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से